1

Class - 1

भाषा
(Language)

भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम अपने मन के भावों को प्रकट करते हैं। इसी के द्वारा हम अपनी बात दूसरों तक पहुँचाते हैं तथा दूसरों की बात समझते हैं।

जैसे – कक्षा में अध्यापिका ने बच्चों से पूछा–हमारे देश में कितने राज्य हैं?
बच्चों ने सुनकर उत्तर दिया–उन्तीस, मैडम।

राजू अपने मित्र से फोन पर बातें कर रहा है। उसने पूछा–तुम कल विद्यालय आओगे? मित्र ने सुनकर उत्तर दिया–हाँ, आऊँगा।

प्यारे बच्चो! आपने देखा कि दोनों स्थितियों में चित्रों में अलग-अलग तरीके से बात हो रही है। कक्षा में अध्यापिका और बच्चों के बीच सवाल-जवाब हो रहे हैं। राजू फोन पर अपने मित्र को अपनी बात कह रहा है। मित्र सुनकर जवाब दे रहा है। यही भाषा है।

Scanned with CamScanner

भाषा के कार्य

Class-1

बोलना	सोचना	बताना
लिखना	समझाना	पढ़ना
सुनना	पूछना	वर्णन करना



भाषा के रूप

मौखिक — लिखित — सांकेतिक

प्रदीप **बोलकर** अपनी बात अपनी माँ से कह रहा है और माँ **सुनकर** उसकी बात समझ रही है। अर्थात् हम मुख से जो कुछ बोलते हैं तथा कानों से जो कुछ सुनते हैं, उसे भाषा का **मौखिक** रूप कहते हैं।

अध्यापिका श्यामपट्ट पर गणित के प्रश्न लिखकर हल कर रही है और बच्चे पढ़कर समझ रहे हैं। अर्थात् जो कुछ हम **लिखकर** पढ़ते व समझते हैं, उसे भाषा का **लिखित** रूप कहते हैं।



ट्रैफिक पुलिस इशारों से वाहन को रोककर अपने भाव प्रकट कर रहा है। अर्थात् जो बात हम इशारों में प्रकट करते हैं, उसे भाषा का **सांकेतिक** रूप कहते हैं।

Scanned with CamScanner

आइए दोहराएँ (Let's Recall)

Class- 1

- अपने विचार दूसरों तक पहुँचाने का साधन भाषा कहलाता है।
- भाषा के तीन रूप हैं – **मौखिक**, **लिखित** तथा **सांकेतिक**।
- हम मुख से जो कुछ बोलते तथा सुनते हैं, वह भाषा का **मौखिक** रूप कहलाता है।
- हम जो कुछ लिखकर पढ़ते व समझते हैं, वह भाषा का **लिखित** रूप कहलाता है।
- जब हम संकेतों द्वारा अपने भाव प्रकट करते हैं, वह भाषा का सांकेतिक रूप कहलाता है।

रचनात्मक मूल्यांकन (Formative Evaluation)

सोचो और बताओ–

(क) भाषा के कितने प्रकार होते हैं?

(ख) विद्यालय की प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य का भाषण देना भाषा का कौन-सा रूप है?

संकलित मूल्यांकन (Summative Evaluation)

1. सही मिलान करो–



पढ़ना

सुनना



बोलना

लिखना

Scanned with CamScanner

2. चित्र देखकर भाषा के कार्य का नाम लिखो– Class - 1

(क) ....

(ख) ....



(ग) ....

(घ) ....

3. निम्नलिखित वाक्य पढ़कर भाषा के उचित रूप पर सही (✓) का चिह्न लगाओ।

(क) अध्यापिका मुँह पर उँगली रखकर चुप रहने का इशारा कर रही है। (मौखिक/सांकेतिक)

(ख) रमा अपनी सहेली से फोन पर बात कर रही है। (मौखिक/लिखित)

(ग) राहुल अपने मित्र को एस.एम.एस. कर रहा है। (लिखित/मौखिक)

(घ) मेरा भाई हिंदी की पुस्तक पढ़ रहा है। (मौखिक/लिखित)

(ङ) ट्रैफिक पुलिस सभी वाहनों को सड़क के दाईं तरफ जाने का इशारा दे रहा है। (सांकेतिक/लिखित)

Scanned with CamScanner

M.K.D. PUBLIC SCHOOL

Sarai Rai Chanda, Mungra Badshahpur, Jaunpur,

Session – 2020-21

Class-1st

विषय – हिन्दी व्याकरण एवं रचना

पाठ – 1 ‘भाषा’

नोट– दिये गए पाठ को ध्यान से पढ़िए तथा नीचे दिए गए प्रशनों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

प्रश्न–1. **भाषा किसे कहते हैं?**

प्रश्न–2. **भाषा कितने प्रकार की होती है?**

प्रश्न–3. **भाषा के तीन रुप हैं–**

1 ....   2 ....   3 ....

प्रश्न–4. **रिक्त स्थान में सही भाषा का विकल्प भरिये।**

(i) हम मुख से जो कुछ बोलते तथा सुनते हैं वह भाषा का .... रुप कहलाता है।

(ii) हम जो कुछ लिखकर पढ़ते व समझते हैं वह भाषा का .... रुप कहलाता है।

(iii) जब हम संकेतों द्वारा अपने भाव प्रकट करते हैं तो वह भाषा का .... रुप कहलाता है।

प्रश्न–5. **सही वाक्य पर (✓) तथा गलत वाक्य पर (×) का निशान लगाइये।**

(i) मौखिक भाषा में संकेतों द्वारा अपनी बात कही जाती है। ☐

(ii) मौखिक भाषा में मुख से बोला जाता है। ☐

(iii) पत्र लिखना लिखित भाषा का रुप कहलाता है। ☐

(iv) मुँह पर उँगली रखकर चुप रहने का संकेत करना साँकेतिक भाषा है। ☐

M.K.D. PUBLIC SCHOOL